# CBSE

अभ्यास प्रश्न पत्र

विषय : हिंदी (कोड-302)

**कक्षा : XII | सत्र : 2023-24**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश** –

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं – खंड 'अ' और 'ब'। खंड 'अ' में वस्तुपरक/बहुविकल्पीय और खंड 'ब' में वस्तुनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न हैं।
2. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की कुल संख्या 14 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. खंड 'अ' में कुल 40 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
4. खंड 'ब' में कुल 8 प्रश्न हैं। निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. प्रश्नों के उत्तर लिखते समय क्रम संख्या अवश्य लिखें। सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें।

| खंड 'अ' | वस्तुपरक प्रश्न | 40 अंक |
|---|---|---|

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (10X1=10)**

आप स्वयं को जितना ज्ञान से चमकाते जाएँगे, उतना ही आपका जीवन के प्रति विश्वास बढ़ता जाएगा। नियमित अध्ययन भी शक्ति संचयन का एक रूप है। आज आपके द्वारा किया गया अध्ययन कभी भी आपके जीवन में चमत्कार पैदा कर सकता है। कई युवक-युवतियाँ आयु भर छोटे पद पर ही कार्य करते रहते हैं क्योंकि शायद वे अपने आगे के विकास के बारे में नहीं सोचते। वे जितना आगे बढ़ते हैं, छोटे-छोटे संकट उन्हें उतना ही पीछे धकेल देते हैं। अगर वे संचय शक्ति रखें तो संकट उन्हें पीछे नहीं धकेल सकता। जैसे स्वस्थ शरीर की प्रतिरोधक शक्ति व्यक्ति को शारीरिक व्याधियों से बचाती है, वैसे ही संचित शक्ति विषम परिस्थितियों से रक्षा करती है। संचित शक्ति के बिना व्यक्ति हर क्षेत्र में पराजित होगा।

फौज में भरती युवक रोज़ व्यायाम व अभ्यास करते हैं ताकि भारी शक्ति का संचय कर वे उसका प्रयोग युद्ध क्षेत्र में कर सकें। अगर वे सोचें कि युद्ध आने पर तैयारी करेंगे तो वे सफल नहीं हो सकते। हम में से अधिकांश लोग अकसर ऐसा ही सोचते हैं। युवक-युवतियाँ तब तक अध्ययन करने के लिए तैयार नहीं होते, जब तक उन्हें यह भरोसा न हो जाए कि जल्दी ही उनका अध्ययन काम आएगा। वे जल्दी ही परिणाम के इच्छुक होते हैं। वे सफलता का मूल्य चुकाए बिना सफलता के शिखरों तक पहुँचना चाहते हैं।

एक व्यक्ति यदि हज़ार रुपए कमाता है और कुछ नहीं बचाता तो सही अर्थों में कुछ भी नहीं कमाता क्योंकि असली कमाई तो उसकी बचत है। वह तो मात्र जीवनयापन कर रहा है। हम भी विशेष योग्यताओं का अर्जन नहीं करते। हम उतनी ही योग्यता विकसित करते हैं, जितनी योग्यता की हमें रोज़ ज़रूरत होती है। संचय करने की हम आवश्यकता ही नहीं समझते। मगर आगे बढ़ने के लिए संचित पूँजी होनी ही चाहिए। यही पूँजी है, आपकी संचित शक्ति।

*स्रोत : साहस और आत्मविश्वास- रोमी सूद 'उपमाश्री'- पुस्तक महल, दिल्ली, संस्करण- 2009, पृष्ठ संख्या- 106*

1 *'आप स्वयं को जितना ज्ञान से चमकाते जाएँगे,'* 1

उपर्युक्त पंक्ति में रेखांकित शब्द __________ के संदर्भ में प्रयोग किया गया है।
(a) प्रकाशमान वस्तु को और अधिक प्रकाशित करने
(b) अपने विवेक में दिन-प्रतिदिन बढ़ोतरी करने
(c) भाग्य को अपने अनुकूल बनाने
(d) अभिमान में बढ़ोतरी करने

2 गद्यांश के आधार पर 'शक्ति संचयन' का सटीक अर्थ पहचानिए। 1
(a) लगातार प्रयास करते रहना
(b) संकटों को पीछे ढकेलते रहना
(c) निरंतर अपनी क्षमताओं का विकास करना
(d) परिणाम के बारे में विचार करके कर्म करना

3 गद्यांश में रेखांकित पंक्ति उस व्यक्ति के __________ को व्यक्त करती है। 1
(a) दुश्चरित्र
(b) आलस्य
(c) ज्ञानाभाव
(d) अड़ियलपन

4 गद्यांश के आधार पर गलत कथन पहचानिए। 1
(a) फौजी युद्ध आने पर ही तैयारी करते हैं।
(b) संचित शक्ति विकास का मार्ग प्रशस्त करती है।
(c) अकसर लोग सफलता का मूल्य नहीं चुकाना चाहते हैं।
(d) कुछ युवक निरंतर प्रयास नहीं करने से छोटे पद पर बने रहते हैं।

5 *गद्यांश में संचित शक्ति को पूँजी कहा गया है।* 1
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द __________ की ओर संकेत करता है।
(a) औद्योगिक पूँजी
(b) साहित्य में उपलब्ध पूँजी
(c) आर्थिक लाभ से अर्जित पूँजी
(d) प्रचुर सामर्थ्य के विकास की पूँजी

6 *'शायद वे अपने आगे के विकास के बारे में नहीं सोचते।'* 1

*कथन (क) : दूरदृष्टि की कमी से विकास का मार्ग अवरुद्ध हो जाता है।*
*कथन (ख) : विषम परिस्थितियों का सामना करने का सामर्थ्य विकसित नहीं हो पाता है।*
गद्यांश की पंक्ति के आधार पर उपर्युक्त कथनों के लिए सही विकल्प चुनिए।
(a) कथन (क) सही किंतु कथन (ख) उसका गलत परिणाम है।
(b) कथन (क) सही और कथन (ख) उसका सही परिणाम है।
(c) कथन (क) गलत किंतु कथन (ख) सही है।
(d) कथन (क) और (ख) दोनों गलत हैं।

7 *'असली कमाई तो उसकी बचत है।'* 1
लेखक ने ऐसा कहा क्योंकि ____________________।
(a) विकट परिस्थितियों में संचित पूँजी ही काम आती है
(b) आज की जमा की गई पूँजी कल काम नहीं आती है
(c) केवल बचत करने से ही हमारा जीवनयापन होता है
(d) आज बचत की गई पूँजी कल पर्याप्त नहीं होती है

8 उपर्युक्त गद्यांश का मूल भाव आपकी पाठ्यपुस्तक के किस पाठ से मेल खाता है? 1
(a) आत्मपरिचय
(b) बाज़ार दर्शन
(c) काले मेघा पानी दे
(d) मेरी कल्पना का आदर्श समाज

9 *'आज आपके द्वारा किया गया अध्ययन कभी भी आपके जीवन में चमत्कार पैदा कर सकता है।'* 1
उपर्युक्त कथन से स्पष्ट होता है कि लेखक द्वारा बताई गई परिस्थितियाँ __________ के आधार पर हैं।
(a) प्रमाण
(b) कल्पना
(c) संभावना
(d) वास्तविकता

10 *'वे सफलता का मूल्य चुकाए बिना सफलता के शिखरों तक पहुँचना चाहते हैं।'* 1
उपर्युक्त पंक्ति का सही आशय पहचानिए।
(a) बिना मेहनत किए उन्नति पाना
(b) धन देकर सफलता को खरीदना
(c) अत्यधिक परिश्रम से प्रगति पाना
(d) असफल होकर ठोकर से सँभलना

**प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(5X1=5)**

अश्रु यह पानी नहीं है, यह व्यथा चंदन नहीं है!

यह न समझो देव पूजा के सजीले उपकरण ये,
यह न मानो अमरता से माँगने आए शरण ये,
स्वाति को खोजा नहीं है औ' न सीपी को पुकारा,
मेघ से माँगा न जल, इनको न भाया सिंधु खारा!
शुभ्र मानस से छलक आए तरल ये ज्वाल मोती,
प्राण की निधियाँ अमोलक बेचने का धन नहीं है।

अश्रु यह पानी नहीं है, यह व्यथा चंदन नहीं है!

नमन सागर को नमन विषपान की उज्ज्वल कथा को,
देव-दानव पर नहीं समझे कभी मानव प्रथा को,
कब कहा इसने कि इसका गरल कोई अन्य पी ले,
अन्य का विष माँग कहता हे स्वजन तू और जी ले!
यह स्वयं जलता रहा देने अथक आलोक सबको,
मनुज की छवि देखने को मृत्यु क्या दर्पण नहीं है।

अश्रु यह पानी नहीं है, यह व्यथा चंदन नहीं है!

शंख कब फूँका शलभ ने फूल झर जाते अबोले,
मौन जलता दीप, धरती ने कभी क्या दान तोले?
खो रहे उच्छ्वास भी कब मर्म गाथा खोलते हैं,
साँस के दो तार ये झंकार के बिन बोलते हैं,
पढ़ सभी पाए जिसे वह वर्ण-अक्षरहीन भाषा,
प्राणदानी के लिए वाणी यहाँ बंधन नहीं है।

अश्रु यह पानी नहीं है, यह व्यथा चंदन नहीं है!

*- महादेवी वर्मा*

*स्रोत (संपादित): 'अश्रु यह पानी नहीं है', महादेवी वर्मा - https://hindigyandesk.com/mahadevi-verma-poems-in-hindi/*

1 *"यह न समझो देव पूजा के सजीले उपकरण ये,"* 1
उपर्युक्त पंक्ति में रेखांकित शब्द का अर्थ __________ है।

(a) ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास
(b) समर्पण की भावना
(c) सुरक्षा की भावना
(d) सुंदर बंधन

2 *(i) अश्रु स्वाति नक्षत्र में सीप में गिरकर बना मोती है।* 1
*(ii) पानी शीतल होता है पर आँसू पानी होकर भी शीतल नहीं हैं।*
*(iii) मनुष्य को देवताओं और दानवों से श्रेष्ठ बताया गया है।*
*(iv) धरती के त्याग और तपस्या की अनेकों गाथाएँ मूक वाणी में निहित हैं।*

कविता के आधार पर सही कथन पहचानिए।
(a) केवल (i) और (iv) सही हैं।
(b) केवल (i) और (iii) सही हैं।
(c) केवल (ii) और (iii) सही हैं।
(d) केवल (ii) और (iv) सही हैं।

3 आँसू के उत्पन्न होने का भाव किस पंक्ति में आया है? 1
(a) शुभ्र मानस से छलक आए तरल ये ज्वाल मोती
(b) मेघ से माँगा न जल, इनको न भाया सिंधु खारा
(c) यह न समझो देव पूजा के सजीले उपकरण ये
(d) अश्रु यह पानी नहीं है, यह व्यथा चंदन नहीं है

4 *"अन्य का विष माँग कहता हे स्वजन तू और जी ले!"* 1

इनमें से कौन-सी परिस्थिति उपर्युक्त पंक्ति के अर्थ से सबसे अधिक मेल खाती है?
(a) रोहन अपने भाई की संपत्ति हथियाने के लिए लालायित है।
(b) सोनू ने गृह कलेश से मुक्त होने के लिए परिवार का त्याग कर दिया।
(c) परिवार का मुखिया सबकी बला स्वयं पर लेकर हँसते-हँसते सहता है।
(d) पापा बचपन से ही स्वयं को खुश रखते हुए अन्यों को खुश रखते आए हैं।

5 *कथन (A) : स्वयं को दृढ़ बनाने के लिए आँसुओं को औज़ार कहा गया है।* 1
*कारण (R) : मनुष्य की तीव्र मानसिक पीड़ाओं के कारण यह जलमात्र न होकर ज्वाला बन गए हैं।*

उपर्युक्त कथन और कारण के आधार पर सही विकल्प चुनिए।
(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
(c) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या है।
(d) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।

**प्रश्न 3. निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5X1=5)**

1 *बांग्लादेश : 50 हज़ार लोग बाढ़ में फँसे, उफ़नी तीस्ता* 1
*ढाका. बांग्लादेश में तीस्ता नदी खतरे के निशान से 20 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है, वहीं लगातार बारिश के कारण रंगपुर ज़िले के गंगचारा में निचले इलाकों में करीब 50,000 लोग बाढ़ में फँस गए हैं। तीस्ता से उफ़ान पर होने से 30 गाँव दो से तीन फीट पानी में डूब गए हैं।*

*स्रोत : राजस्थान पत्रिका, बेंगलूरु, रविवार, 16 जुलाई, 2023*

उपर्युक्त समाचार में कौन-सा सूचनात्मक ककार नहीं है?
(a) कहाँ - बांग्लादेश में तीस्ता उफ़नी
(b) कौन - बाढ़ में 50,000 लोग फँसे
(c) क्या - 30 गाँव पानी में डूबे
(d) कैसे - लगातार बारिश

2 *(क) स्थायित्व की कमी* 1
*(ख) लिखित भाषा का विस्तार*
*(ग) चिंतन और विश्लेषण का माध्यम*

उपर्युक्त में से मुद्रित माध्यम की विशेषताओं वाला उचित विकल्प चुनिए।
(a) केवल (क)
(b) केवल (ख)
(c) केवल (क) और (ख)
(d) केवल (ख) और (ग)

3  1

***हाईवे से इंडिया टू थाईलैंड वाया म्यांमार 70% काम पूरा,***
***मंत्री जी ने बताया- क्यों अटका है बाकी काम।***

*स्रोत : हाईवे से इंडिया टू थाईलैंड वाया म्यांमार... 70% काम पूरा, जयशंकर ने बताया- क्यों अटका है बाकी काम - EAM Jaishankar Says Government Trying To Resume India Myanmar Thailand Trilateral Highway ntc - AajTak*

उपर्युक्त समाचार लेखन का क्षेत्र पहचानिए।

(a) विज्ञान-प्रौद्योगिकी

(b) फ़िल्म-मनोरंजन

(c) अर्थ-व्यापार

(d) देश-विदेश

4 अखबारों में किसी समस्या, घटना या मुद्दे के प्रति अपनी राय प्रकट करना __________ लेखन के अंतर्गत आता है। 1

(a) नाटक

(b) व्यापार

(c) संपादकीय

(d) साक्षात्कार

5 टी.वी. समाचारों के चरणों में से 'ड्राई-एंकर' के बारे में कौन-सा कथन सही है? 1

(a) एंकर का घटना से संबंधित दृश्य दिखाना

(b) एंकर का रिपोर्टर से फ़ोन पर सूचनाएँ लेना

(c) एकंर का खबर को पूर्णता के साथ पेश करना

(d) एंकर का दर्शकों को सीधे घटना के बारे में बताना

**प्रश्न 4. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(5X1=5)**

बाज़ार में एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रूप का जादू है पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है। जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है। जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है तो बाज़ार की अनेकानेक चीज़ों का निमंत्रण उस तक पहुँच जाएगा। कहीं हुई उस वक्त जेब भरी तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है! मालूम होता है यह भी लूँ, वह भी लूँ। सभी सामान ज़रूरी और आराम को बढ़ाने वाला मालूम होता है। पर यह सब जादू का असर है। जादू की सवारी उतरी कि पता चलता है कि फ़ैंसी चीज़ों की बहुतायत आराम में मदद नहीं देती, बल्कि खलल ही डालती है। थोड़ी देर को स्वाभिमान को ज़रूर सेंक मिल जाता है पर इससे अभिमान की गिल्टी की और खुराक ही मिलती है। जकड़ रेशमी डोरी की हो तो रेशम के स्पर्श के मुलायम के कारण क्या वह कम जकड़ होगी?

1 *'बाज़ार में एक <u>जादू</u> है।'* 1

उपर्युक्त पंक्ति में रेखांकित शब्द किस संदर्भ में आया है?

(a) समृद्धि

(b) आकर्षण

(c) सफलता

(d) धनबाहुल्य

2 *बाज़ार की मर्यादा के माध्यम से लेखक उसकी __________ के बारे में चर्चा कर रहे हैं।* 1

रिक्त स्थान के लिए सबसे उचित शब्द चुनिए।

(a) सीमा

(b) उन्नति

(c) प्रतिष्ठा

(d) स्वाभिमान

3 *कथन (क) : बाज़ार से बहुतायत में सामान खरीदने का मनोवैज्ञानिक कारण है।* 1

*कथन (ख) : हम अपनी खरीदारी से दूसरों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।*

उपर्युक्त कथनों के लिए सही विकल्प पहचानिए।

(a) कथन (क) गलत और कथन (ख) सही है।

(b) कथन (क) और कथन (ख) दोनों गलत हैं।

(c) कथन (क) सही और कथन (ख) उसकी सही व्याख्या है।

(d) कथन (क) सही और कथन (ख) उसकी गलत व्याख्या है।

4 *उपर्युक्त गद्यांश ______________________ संस्कृति को आधार बनाकर लिखा गया है।* 1

रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

(a) उपयोगितावादी

(b) उपभोक्तावादी

(c) बहुआयामी

(d) आधुनिक

5 *'मन खाली है तो बाज़ार की अनेकानेक चीज़ों का निमंत्रण उस तक पहुँच जाएगा।'* 1

उपर्युक्त वाक्य में लेखक कह रहा है कि निश्चित _________________ के अभाव में अनावश्यक चीज़ों की खरीदारी होती है।

(a) व्यवस्था

(b) प्रयोजन

(c) संसाधनों

(d) धारणाओं

**प्रश्न 5. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(5X1=5)**

उसससे पूछेंगे तो आप क्या अपाहिज हैं?
तो आप क्यों अपाहिज हैं?
आपका अपाहिजपन तो दुख देता होगा
देता है?
हाँ तो बताइए आपका दुख क्या है
जल्दी बताइए वह दुख बताइए
बता नहीं पाएगा।

1 *'तो आप क्यों अपाहिज हैं?'* 1

साक्षात्कारकर्ता के ऐसे प्रश्न पूछने पर उसके _______________ होने का पता चलता है।

(a) भावुक

(b) क्रोधित

(c) प्रज्ञाहीन

(d) संवेदनहीन

2 *'जल्दी बताइए वह दुख बताइए'* 1

उपर्युक्त पंक्ति में साक्षात्कारकर्ता ने रेखांकित शब्द का प्रयोग क्यों किया है?

(a) साक्षात्कारदाता की वेदना को प्रबल करने के लिए

(b) अपने मूल्यवान समय की बचत करने के लिए

(c) पाठकों में सुनने की जिज्ञासा बढ़ाने के लिए
(d) साक्षात्कार जल्दी समाप्त करने के लिए

3 *कविता में अपाहिज व्यक्ति कोई उत्तर नहीं दे रहा है क्योंकि __________।* 1
(a) प्रश्नकर्ता उस पर हावी हो रहा है
(b) उसे प्रश्न समझ में नहीं आ रहे हैं
(c) वह अपना दुख सबसे छिपाना चाहता है
(d) उसे उत्तर देने के लिए अधिक समय चाहिए

4 *कथन (क) : दिव्यांग व्यक्ति कैमरे पर अपनी वेदना को व्यक्त करने में असमर्थ है।* 1
*कथन (ख) : प्रश्नकर्ता का व्यवहार दिव्यांग व्यक्ति के मन-मस्तिष्क को पहले ही आहत कर देता है।*

उपर्युक्त कथनों के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) कथन (क) सही है किंतु (ख) उसका गलत कारण है।
(b) कथन (क) सही है और (ख) उसका सही कारण है।
(c) कथन (क) और (ख) दोनों गलत हैं।
(d) कथन (क) गलत किंतु (ख) सही है।

5 1

| | |
|---|---|
| *(क) पद्यांश में रेखांकित शब्द* | *(i) संवेदनशीलता के अभाव को दर्शाना* |
| *(ख) पद्यांश में प्रयुक्त प्रश्नों का उद्देश्य* | *(ii) दृश्य संचार द्वारा करुणा का व्यवसाय* |
| *(ग) पद्यांश का अप्रत्यक्ष लक्ष्य* | *(iii) साक्षात्कारदाता के लिए प्रयुक्त* |

पद्यांश के आधार पर सही मिलान वाला विकल्प पहचानिए।
(a) (क)-(i), (ख)-(ii), (ग)-(iii)
(b) (क)-(ii), (ख)-(i), (ग)-(iii)
(c) (क)-(iii), (ख)-(ii), (ग)-(i)
(d) (क)-(iii), (ख)-(i), (ग)-(ii)

**प्रश्न 6. पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (10X1=10)**

1 'सिल्वर वैडिंग' कहानी किस विषय पर आधारित है? 1
(a) पारिवारिक भेदभाव
(b) सामाजिक भेदभाव
(c) पीढ़ी अंतराल
(d) वृद्धावस्था

2 *यशोधर पंत की पत्नी को मातृसुलभ मजबूरी में __________ बनना पड़ा।* 1

(a) कंजूस

(b) खर्चीला

(c) आधुनिक

(d) पुराणपंथी

3 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के अनुसार नई पीढ़ी किसे अधिक महत्त्व देती है? 1

(a) मानवीय संवेदना को

(b) आध्यात्मिकता को

(c) संयुक्त परिवार को

(d) भौतिकता को

4 *'कक्षा में दंगा करना और पढ़ाई की उपेक्षा करना मेरे लिए मुनासिब नहीं।'* 1

उपर्युक्त पंक्ति से लेखक के __________ स्वभाव का पता चलता है।

(a) रौबदार

(b) शरारती

(c) उदासीन

(d) स्वानुशासित

5 कविता के प्रति आनंदा का झुकाव __________ के कारण बढ़ा। 1

(a) कविता को कंठस्थ करने में रुचि होने

(b) मास्टर सौंदलगेकर से प्रभावित होने

(c) स्वयं कविताओं का निर्माण करने

(d) मंत्री मास्टर के प्रोत्साहित करने

6 'जूझ' कहानी का सबसे उचित उद्देश्य चुनिए। 1

(a) अध्ययनशील छात्र बनना चाहिए।

(b) मनुष्य को संघर्ष करते रहना चाहिए।

(c) शिक्षा के महत्त्व को समझना चाहिए।

(d) ज़रूरतमंदों की मदद करनी चाहिए।

7 *कथन (क) : मुअनजो-दड़ो की साक्षर सभ्यता एक सुसंस्कृत समाज की स्थापना थी।* 1

*कथन (ख) : मुअनजो-दड़ो सभ्यता को प्रकृति ने नहीं बल्कि मानवों ने कुशलतापूर्वक बसाया था।*

उपर्युक्त कथनों के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) कथन (क) सही है किंतु (ख) उसकी सही व्याख्या नहीं है।

(b) कथन (क) सही है और (ख) उसकी उचित व्याख्या है।

(c) कथन (क) गलत और (ख) सही है।
(d) कथन (क) और (ख) दोनों गलत हैं।

8 *'कलाओं की तरह वास्तुकला में भी कोई प्रेरणा चेतन-अवचेतन ऐसे ही सफ़र करती होगी।'* 1
उपर्युक्त पंक्ति को किस संदर्भ में प्रयोग किया गया है?
(a) मानव सभ्यता द्वारा अपनी संस्कृति की रक्षा करना
(b) खुदाई के माध्यम से पुरानी सभ्यता की चेतना को जानना
(c) प्रत्येक संस्कृति में कलाओं और वास्तुकला का उत्कृष्ट प्रयोग होना
(d) मानव व्यवहार और विचारों का एक युग से दूसरे युग तक पहुँचना

9 *लेखक ने मुअनजो-दड़ो की सभ्यता को 'लो प्रोफ़ाइल' ________________ के कारण कहा है।* 1
रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।
(a) आधुनिक अवशेष नहीं मिलने
(b) आडंबर रहित अवशेष मिलने
(c) धार्मिक चिह्न नहीं मिलने
(d) कुएँ की संस्कृति मिलने

10 लेखक के अनुसार मुअनजो-दड़ो की कौन-सी विशेषता अनूठी मिसाल है? 1
(a) अनाज की फ़सलें
(b) कुओं की संख्या
(c) नगर नियोजन
(d) संपन्न समाज

| खंड 'ब' | वर्णनात्मक प्रश्न | 40 अंक |
|---|---|---|

**प्रश्न 7. निम्नलिखित चार अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए। (1X6=6)**

1 (क) जब मैंने बनाया बेकार पड़ी वस्तुओं से नया सामान 6
(ख) जब मैं सातवें आसमान पर था
(ग) बदलता परिवेश
(घ) कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस)

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए। (2X2=4)**

1 *'कहानी लेखन की सबसे अच्छी प्रक्रिया है, किसी अच्छी कहानी को पढ़कर उसका विश्लेषण किया जाए।'* 2
उपर्युक्त कथन के आधार पर आपके द्वारा पढ़ी गई किसी अच्छी कहानी के कथानक और पात्रों का विश्लेषण कीजिए।

2 कैपटिव ऑडिएंस से आप क्या समझते हैं? अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए उत्तर लिखिए। 2

3 अप्रत्याशित विषयों पर लेखन क्या है? अप्रत्याशित विषयों पर लेखन के उदाहरणस्वरूप कोई दो शीर्षक लिखिए। 2

**प्रश्न 9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए। (2X3=6)**

1 अंतःवैयक्तिक और अंतरवैयक्तिक संचार किसे कहते हैं? दोनों के मध्य अंतर समझाते हुए लिखिए। 3

2 समाचार पत्र का निम्न पृष्ठ जनसंचार माध्यम का कौन-सा कार्य कर रहा है? 'लोग कहते हैं' शीर्षक के अंतर्गत किसी भी विषय पर अपने स्वतंत्र विचार अभिव्यक्त कीजिए। 3

*लोग कहते हैं...*

***नेहरू मेमोरियल का नाम-परिवर्तन क्यों?***

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के आधिकारिक निवास स्थान 'तीनमूर्ति भवन', 'नेहरू मेमोरियल' का नाम विधिवत रूप से बदलकर 'प्रधानमंत्री संग्रहालय' एवं 'लाइब्रेरी सोसाइटी' के नाम से रख दिया गया है। ब्रिटिशकालीन इस ऐतिहासिक इमारत में कभी भारत के ब्रिटिश आर्मी कमांडर इन चीफ़ रहा करते थे। नई व्यवस्था के अनुसार यहाँ देश के सभी प्रधानमंत्रियों से संबंधित जानकारी उनसे संबंधित क्रियाकलापों, उनके जीवन की महत्त्वपूर्ण वस्तुओं की जानकारी देखने को मिलेगी। हालाँकि कांग्रेस इस बदलाव से खुश नहीं है। कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने इस बदलाव को प्रतिशोध एवं संकीर्णता का नतीजा करार दिया है, जबकि भाजपा ने पलटवार करते हुए इसे कांग्रेस का मोतियाबिंद करार दिया है। मेरा मानना है कि नेहरू मेमोरियल का नाम नहीं बदला जाना चाहिए था क्योंकि यह भारत के प्रथम प्रधानमंत्री से संबंधित है। पूरी दुनिया में इसका नाम है, पहचान है। दुनिया के पर्यटक आज भी नेहरू मेमोरियल को देखने आते हैं। एक समय भारत की धाक निर्गुट सम्मेलन के कारण ऐतिहासिक थी, जिसमें 3 नाम- 'नासिर', 'टीटू' व 'नेहरू' पूरे विश्व में चर्चित थे। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का 16 वर्ष का प्रधानमंत्री कार्यकाल ऐतिहासिक था, जिसके माध्यम से आधुनिक भारत में औद्योगिक क्रांति एवं प्रगतिशील भारत की नींव रखी गई थी, जिस पर चलकर आज हम विश्व शक्ति बनने का सपना देख रहे हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि 1947 में जब भारत आज़ाद हुआ था तो भारत खंड-खंड था, आज भारत अखंड है, संप्रभुता संपन्न है, प्रगति पथ पर अग्रसर विकासशील देश है और विश्व की पाँचवी आर्थिक शक्ति बनने जा रहा है। विश्व की राजनीति और कूटनीति में भारत की दखल है, जिसकी पृष्ठभूमि में पंडित जवाहरलाल नेहरू का योगदान अतुल्य है।

- वीरेंद्र कुमार जादव, दिल्ली

*प्रिय पाठकों, प्रशासन तथा उनसे जुड़े विभागों से संबंधित अपने विचार 'मिलाप' के 'लोग कहते हैं' कॉलम के अंतर्गत निम्नलिखित पते पर लिख भेजें। डेली हिंदी मिलाप, 5-4-674, कट्टलमंडी, हैदराबाद-500112*

*Email : featuers@hindimilap.com*

स्रोत : *Hindimilap.com*

3 समाचार पत्रिका को पाठकों तक पहुँचाने के कौन-से चरण होते हैं? उसमें आपका पसंदीदा अंक कौन-सा है और क्यों? दो कारण लिखिए। 3

**प्रश्न 10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए। (2X3=6)**

1 'कविता के बहाने' में कवि ने 'चिड़िया क्या जाने', 'फूल क्या जाने' कहकर चिड़िया और फूल के बारे में क्या कहा है? 'बच्चा ही जाने' से अंत करके कवि क्या कहना चाहते हैं? 3

2 *तुलसीदास लोकवादी कवि हैं।* 'कवितावली' पाठ के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए। 3

3 *"हम पूछ-पूछकर उसको रुला देंगे* 3
*इंतज़ार करते हैं आप भी उसके रो पड़ने का*
*करते हैं?*
*(यह प्रश्न पूछा नहीं जाएगा)"*

कोष्ठक में किस प्रश्न के बारे में कहा गया है? इसे क्यों नहीं पूछा जाएगा? प्रश्न पूछने का उद्देश्य समझाकर लिखिए।

**प्रश्न 11. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए। (2X2=4)**

1 'उषा' कविता में कवि ने प्रकृति में होने वाले परिवर्तनों को रोचक शब्दों में बाँधा है। उसी प्रकार आप स्वयं को सूर्योदय की पहली किरण का दृष्टा समझते हुए अपने अनुभव साझा कीजिए। 2

2 'एक गीत' का रचनाकार स्वयं को थका व हारा हुआ-सा क्यों महसूस करता है? आशावादी बनने के लिए उसे क्या करना होगा? 2

3 क्रांति रूपी बादलों से पूँजीपति वर्ग क्यों भयभीत होता है? 'बादल राग' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए। 2

**प्रश्न 12. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए। (2X3=6)**

1 *'असंतोष, तृष्णा और ईर्ष्या से घायल कर मनुष्य को सदा के लिए यह बेकार बना डाल सकता है।'* 3
उपर्युक्त पंक्ति में रेखांकित शब्द बाज़ार दर्शक को कैसे प्रभावित करते हैं? 'बाज़ार दर्शन' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

2 *'शिरीष एक अद्भुत अवधूत है। दु:ख हो या सुख वह हार नहीं मानता।'* 3

लेखक के इस कथन को तर्कसहित स्पष्ट कीजिए। शिरीष के फूल की इस विशेषता से मिलने वाले संकेत पर प्रकाश डालिए।

3 कला विपरीत परिस्थितियों में भी सबल बनाती है। 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 3

**प्रश्न 13. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए। (2X2=4)**

1 भक्तिन पितृसत्तात्मक मान्यताओं के बीच अपने हक की लड़ाई लड़ रही थी। पाठ के आधार पर दो उदाहरण देकर इस कथन को स्पष्ट कीजिए। 2

2 जीजी मेंढक मंडली पर पानी फेंकने को उचित क्यों मानती थी? 'काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए। 2

3 'मेरी कल्पना का आदर्श समाज' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि 'स्वतंत्रता और समता' से लेखक का क्या तात्पर्य है? 2

**प्रश्न 14. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए। (2X2=4)**

1 *"अब तो डिजिटल ले लो एक जापानी। सस्ती मिल जाती है।"* 2

उपर्युक्त कथन किसने, किसे और किस उद्देश्य से कहा? 'सिल्वर वैडिंग' पाठ के आधार पर लगभग 40 शब्दों में समझाकर लिखिए।

2 *'रोते-धोते पाठशाला फिर से शुरू हो गई।'* 2

पाठशाला जाने के लिए 'रोते-धोते' शब्दों का प्रयोग क्यों किया गया है? 'जूझ' कहानी के आधार पर लगभग 40 शब्दों में वक्ता के संघर्ष के बारे में बताइए।

3 *'विद्वानों का मानना है कि यहाँ ज्वार, बाजरा और रागी की उपज भी होती थी।'* 2

'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर रेखांकित वाक्यांश की उपयोगिता और महत्त्व लगभग 40 शब्दों में समझाकर लिखिए।